अजीत समाचार 03/04/2024

जीएमएन कालेज में रंगमंच कार्यशाला का शानदार आगाज़



रंगारंग कार्यक्रम देखते हुए लोग।

अम्बाला कैंट, 2 अप्रैल (अग्रवाल): गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कलाश्री के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक विभाग संस्कृत, पंजाबी, अंग्रेजी, हिंदी, जन संचार विभाग द्वारा सात दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का शानदार आगाज हुआ। इस वर्कशाप में विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कलाश्री के डायरेक्टर अशोक लहरी ने शिरकत की। कार्यशाला का शुभारंभ प्रधानाचार्य डा. रोहित दत्त ने दीप प्रज्वलन कर किया। रबनूर और तरुण द्वारा सरस्वती वंदना एवं मनोरमा द्वारा भारत माता की स्तुति प्रस्तुत की गई। प्रधानाचार्य डा. रोहित दत्त ने मुख्य वक्ता का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। कॉलेज प्रधानाचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि जीएमएन कालेज सदैव ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है। इसी संदर्भ में विद्यार्थियों को कला और साहित्य के क्षेत्र में प्रेरित करने हेतु कालेज प्रशासन द्वारा यह महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर आए अशोक लहरी ने बेहद ही सरल एवं रोचक तरीके से विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं जैसे अभिनय कौशल, संवाद कला और नाटकीय प्रस्तुति जैसे विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मंच का सफल संचालन संस्कृतिक विभाग के प्रभारी डा. राजेंद्र देशवाल के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की सह-संयोजिका प्रियंका बालदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वर्कशाप 2 से 8 अप्रैल तक चलेगी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को नाटक, अभिनय के महत्वपूर्ण तत्वों का अध्ययन करने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर कलाश्री के डायरेक्टर टीएस दुग्गल, डा. अनीश, डा. रितु गुप्ता, डा. जसवीर कौर, सुषमा शर्मा, सोहन एवं 35 के करीब विद्यार्थी मौजूद रहे।